# कार्यालय विक्रय अधिकारी

## बारां नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बारां प्रधान कार्यालय, नियर बस स्टेण्ड-बारां टेलीफोन 07453–230084

क्रमांक :– 613-623 -:पूर्व स्थगित विक्रय की उदघोषणा :– दिनांकः–27.01.2026

समस्त आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि पूर्व स्थगित विक्रय की उदघोषणा के तहत राजस्थान सहकारी संस्था अधिनियम 2001 की धारा 99–100 के अन्तर्गत चूक करने वाले अग्रांकित ऋणी सदस्याण से बैंक बकाया ऋण तथा कुर्की / बिकी का खर्चा वसूल करने के लिए न्यायालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ बारां के आदेशानुसार अधिकृत विक्रय अधिकारी द्वारा निम्न प्रकार वर्णित मौके पर अवस्थित सम्पत्ति प्रतिकात्मक कब्जा या रचनात्मक कब्जा **"जहाँ है, जैसी है" और जो है,जो कुछ भी है",जिसके पास भी है""** के आधार पर को विक्रय करने हेतु अग्रांकित दिनांक / तिथि एंव नीलामी स्थल पर सार्वजनिक रूप से खुली बोली के द्वारा नीलाम / विक्रय किया जावेगा। तथापि बोली समाप्त होने से पहले ऋणी द्वारा बकाया राशि तथा खर्चा चुका दिये जाने की स्थिति में विक्रय बन्द कर दिया जावेगा। नीलामी की शर्ते बैंक की बेबसाईट bnsb.bank.in एंव बैंक के प्रधान कार्यालय नियर बस स्टेण्ड,बारां से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**नीलामी दिनांकः–26.02.2026 आरक्षित मुल्य :– 44.37 लाख रू0**

| क्र0 | रहन एंव विक्रय की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | नीलामी दिनांक | नीलामी समय | नीलामी स्थान | बकाया ऋण राशि (रू0) | जमानतदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति मालिक श्रीमति शशि पत्नि हँसमुखराय की रजिस्ट्री 21.03.2013 पुस्तक सं0–01, जिल्द सं0–216 पृष्ठ सं0–37 क्रम सं0–2013000664 फर्स्ट फलोर पर निर्मित दुकान– 15.6x10.6=162.75 वर्ग फीट एंव ऋणी श्री हॅसमुखरॉय पुत्र श्री चतुर्भुज की फर्स्ट फलोर पर निर्मित दुकाने–15.6x43=666.50 वर्ग फीट में दुकाने बारां गैस क0 के पास रजिस्ट्री दिनांक 21. 03.2013 पुस्तक सं0 01, जिल्द सं0 216, में पृष्ठ सं0 36 क्रम सं0 2013000663 आलेखित के अनुसार अचल सम्पत्ति / दुकानो का कुल माप फर्स्ट फलोर–15.6x43 ,एंव 15.6x10.6 = 829.25 वर्ग फीट मय छत यथास्थिति मौकानुसार।<br>पूर्वः–छत विकेता , पश्चिमः–मेनरोड<br>उत्तरः–जनता सिनेमा , दक्षिणः–कटला रोड 20फीट<br><br>पूर्वः–छत विकेता , पश्चिमः–छत विकेता<br>उत्तरः–जनता सिनेमा , दक्षिणः–कटला रोड 20फीट | **26.02.2026**<br><br>**विकय योग्य**<br><br>सम्पत्ति का अनुमानित मूल्य 44.37 लाख (दिनांक 27.02.2025 वेल्यूवेशन अनुसार) | दिन के 12 बजे से सायः 04 बजे तक<br><br>आरक्षित मूल्य :– 44.37 लाख रू0 | बैंक प्रधान कार्यालय भवन नियर बस स्टेण्ड बारां | बकाया ऋण<br>1. श्री हंसमुख राय –2549106.00 रू0<br>2.मे.भेरूलाल चतुर्भुज प्रो. श्री हंसमुख राय –2989219.92<br>कुल–5538325.92<br>31.12.2025 तक एवं दिनांक–01.01.2026 से ब्याज ता तारीख तथा 10 प्रतिशत् कुर्की बिकी खर्चा बैंक नियमानुसार अलग से देय होगा | 1. श्री जमील अहमद पुत्र श्री मो0 हुसैन निवासी बारा<br><br>2. श्री पुरूषोतम शर्मा पुत्र श्री गुलाबचन्द जी निवासी–बारा<br><br>3. मै0 पोरवाल स्क्रिन प्रिन्टर्स प्रो0 विनोदकुमार गुप्ता पुत्र श्री गोविन्दल निवासी–बारां<br>4 श्री ओमप्रकाश सुमन पुत्र श्री ओगडीलाल प्रो. ॐ साडी शोरूम बारां |

नीलामी की शर्ते :–

1. रजिस्ट्रेशन राशि 5000 / –रू0 रहेगी, जो बैंक के प्राधिकृत अधिकारी / वसूली अधिकारी के पास दिनांक–26.02.2026 **को 10 बजे से दिन के 03 बजे** तक नकद जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर सकते है। नीलामी में भाग लेने हेतु इस रसीद का होना आवश्यक है।
2. नीलामी बोली में बोलीदाता ही स्वयं उपस्थित होगें, अन्य किसी व्यक्ति का प्रवेश निषेध होगा। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को अपना फोटोयुक्त परिचय पत्र ,फोटो , पेन कार्ड ,आधार कार्ड स्वयं के हस्ताक्षर प्रमाणित कर नीलामी बोली में रजिस्ट्रेशन राशि के साथ प्रस्तुत करना होगा।
3. **प्रथम न्यूनतम बोली आरक्षित मूल्य से अधिक होगी उसके बाद प्रति 1000 / –रू0 के गुणक मूल्य में नीलामी बोली बढती रहेगी।**
4. नीलामी की अन्तिम बोली जिस व्यक्ति के नाम समाप्त होगी उसे बोली समाप्ति के बाद 25 प्रतिशत् राशि उसी दिन या 01 दिवस के अन्दर जमा करानी होगी,उक्त समयावधि में राशि जमा नही होने पर जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी,जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं बोली दाता की होगी।
5. शेष बकाया नीलामी राशि 15 दिवस में बैंक के प्रधान कार्यालय नियर बस स्टेण्ड बारां में उक्त खाता संख्याँ–**001130901150130** में जमा करानी होगी। 15 दिवस में शेष नीलामी राशि जमा न होने की दशा में धरोहर राशि सहित 25 प्रतिशत् जमा राशि भी जब्त कर ली जावेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं बोली दाता की होगी।
6. यदि प्रथम बोलीदाता उक्त नीलामी बोली राशि जमा नही कराता है तो बैंक को अधिकार होगा कि द्वितीय बोलीदाता के पक्ष में नीलामी बोली छोड सकता है अथवा नीलामी निरस्त कर सकता है।
7. नीलामी बोली उस समय तक अस्थाई होगी, जब तक प्राधिकृत अधिकारी उसे स्वीकार न करें।
8. नीलामी बोली उपरान्त बोलीदाता का नाम उनके द्वारा दिए गए रिकार्ड अनुसार ही मान्य होगा बाद में कोई परिवर्तन नही होगा।
9. यदि ऋणी द्वारा नीलामी दिनांक से 30 दिवस में बकाया ऋण राशि ,ब्याज,वसूली खर्च,एंव अन्य नीलामी से संबधित खर्च सहित जमा करा दी जाती है तो बैंक को नीलामी बोली निरस्त करने का अधिकार होगा तथा बोली दाता की नीलामी राशि बैंक में प्रचलित सैविंग्स ब्याज दर सहित वापस लोटा दी जावेगी।
10. चल एवं अचल सम्पत्ति की नीलामी राजस्थान सहकारी अधिनियम 2001 के अन्तर्गत की जावेगी।
11. मौके पर सम्पत्ति प्रतिकात्मक कब्जा या रचनात्मक कब्जा **"जहाँ है, जैसी है" और जो है,जो कुछ भी है",जिसके पास भी है""** के आधार पर यथास्थिति मौकानुसार ही नीलाम की जा रही है।
12. उक्त अचल संपत्ति पर केन्द्र / राज्य सरकार / निगम / निकाय / संस्था आदि का किसी भी प्रकार का पूर्व / वर्तमान बकाया ड्यूज ,एवं सम्पत्ति ट्रान्सफर खर्च केता को वहन करना होगा।
13. नीलामी से सम्बन्धित किसी भी कार्यकम मे परिवर्तन करने, अथवा बिना कोई कारण बताये बोली निरस्त करने का अधिकार निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। जमानतदार नीलामी स्थल पर मौजूद रहे।
14. विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस एंव कार्यालय समय में बैंक के प्रधान कार्यालय बारां से प्राप्त की जा सकती है। अतः खरीदने के इच्छुक व्यक्ति / सज्जन मौके पर पधारकर बोली लगावे।

sd/-
विक्रय अधिकारी
बाराँ नागरिक सहकारी बैंक लि०

कृ0पृ0उ0

क्रमांक (फा) बानासबैंक प्र.का.बारां/वसूली/2025–26/ 613-623

दिनांकः–27.01.2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1 श्रीमान् न्यायालय उपरजिस्ट्रार महोदय, सहकारी समितियां बारां।

2 श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, बैंक बारां।

3 श्रीमान् महाप्रबन्धक महोदय, बैंक बारां।

4 शाखा प्रबन्धक–शाखा–मुख्यशाखा बारां/प्रधानकार्यालय शाखा बारां/तेलफेक्ट्री एरिया बारा, शाखा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें

5 सम्पत्ति मालिक/ऋणी श्रीमती शशि पत्नी श्री हंसमुखराय ,मै0 भैरूलाल चतुर्भज प्रों. श्री हॅसमुखराय एंव श्री हॅसमुखराय पुत्र श्री चतुर्भूज जी निवासी–श्रीजी का चौक बारां/ नियर बारां गैस कं0 के पास कपडा दुकान बारां–को जर्ये पत्र द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त रहन शुदा सम्पत्ति की नीलामी हेतु **विकय की उदघोषणा दिनांक 13.02.2026 के बाद के स्थानीय समाचारपत्र में प्रकाशित करवा दी जावेगी। समस्त ऋणी सदस्य** एवं जमानतदारान् सूचित हो।

6 जमानतदार– श्री जमील अहमद पुत्र श्री मो0 हुसैन निवासी–सदर बाजार, बारा।

7 जमानतदार– श्री पुरूषोतम शर्मा पुत्र श्री गुलाबचन्द जी निवासी–नाईयों की बाडी तेलफेक्ट्री, बारां ।

8. मै0 पोरवाल स्किन प्रिन्टर्स प्रो0 विनोदकुमार गुप्ता पुत्र श्री गोविन्दल निवासी–बारां

9. श्री ओमप्रकाश सुमन पुत्र श्री ओगडीलाल प्रो. ॐ साडी शोरूम बारां

10 नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु बैक/नगर परिषद बारां/पंचायत भवन

कार्यालय विक्रय अधिकारी बारां नागरिक सहकारी बैंक लि.बारां

विक्रय अधिकारी
बारां नागरिक सहकारी बैंक लि0
बाराँ नागरिक सहकारी बैंक लि०